Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 29 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 272

## दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से उड़ानें अनिश्चितकाल के लिए बंद, मृतक के परिजनों को 20 लाख के मुआवजे का ऐलान

नई दिल्ली । आरएनएस

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से विमानों का संचालन अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया गया है। यहां शुक्रवार सुबह ही छत का एक बड़ा हिस्सा गिर गया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 6 घायल हुए थे। हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया गया है। साथ ही दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा है कि सभी घायलों को तीन-तीन लाख रुपए का मुआवजा दिया जायगा।



भारी बारिश के बाद शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल वन पर छत गिरने से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर कहा है कि टर्मिनल वन की सभी फ्लाइट रात 11 बजे तक टर्मिनल दो और तीन से जाएंगी और लैंड करेगी। हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने बताया कि हादसे की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल टर्मिनल 1 से सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से चेक-इन काउंटर बंद कर दिये गये हैं। इंडिगो के अलावा अन्य विमान सेवा कंपनियों की टर्मिनल 1 की उड़ानों को टर्मिनल 2 और 3 पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल ने एक बयान में बताया कि हादसा सुबह लगभग पांच बजे पुराने डिपार्चर फोरकोर्ट पर हुआ। उधर, आम आदमी पार्टी ने इस पर केंद्र सरकार को घेरते हुए हादसे में मरने वाले के परिवार जनों को एक करोड़ रुपए और घायलों के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा के तौर पर दिए जाने की मांग की है।

### देश के सभी हवाई अड्डों पर होगी इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच, दिल्ली एयरपोर्ट हादसे के बाद केंद्रीय मंत्री का बड़ा फैसला

दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर शुक्रवार सुबह डिपार्चर फोरकोर्ट पर कैनोपी गिरने की घटना के बाद नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि देश के सभी एयरपोर्ट पर इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। दिल्ली हवाई अड्डे पर स्थिति की समीक्षा के बाद केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, आज टर्मिनल-1 पर सुबह 5 बजे बेहद दु:खद घटना हुई। भारी बारिश की वजह से टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा गिर गया। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि इसे बहुत गंभीर घटना के रूप में लिया गया है। न केवल इस पर एयरपोर्ट की, बल्कि पूरे देश में जितने भी एयरपोर्ट हैं, हम उन सभी की फिर से जांच करेंगे। हम सभी एयरपोर्ट की गहन जांच करेंगे। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार तडक़े हुए हादसे में कैनोपी का एक हिस्सा वहां खड़ी कारों पर गिर गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। राम मोहन नायडू ने कहा, टर्मिनल-1 से जो भी उड़ानें संचालित हो रही हैं, उन्हें टर्मिनल 2 और टर्मिनल 3 पर स्थानांतरित कर दिया गया है। टर्मिनल 2 और टर्मिनल 3 पर जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। इंडिगो ने दोपहर बाद दो बजे तक अपनी सभी उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। उसने यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान चुनने या पूरा रिफंड पाने के लिए लिंक उपलब्ध कराया है। वहीं स्पाइसजेट की उड़ानें सुबह 10.30 बजे के बाद से टर्मिनल 3 पर स्थानांतरित की गई हैं। हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने बताया कि हादसे की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल टर्मिनल 1 से सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से चेक-इन काउंटर बंद कर दिये गये हैं। इंडिगो के अलावा अन्य विमान सेवा कंपनियों की टर्मिनल 1 की उड़ानों को टर्मिनल 2 और 3 पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दर्दनाक हादसा: तीर्थयात्रियों से भरी मिनी बस की ट्रक से जोरदार भिड़ंत, 13 लोगों की मौत

**हावेरी (आरएनएस)।** कर्नाटक के हावेरी जिले में बड़ा सडक़ हादसा हुआ है। यहां ब्यादगी तालुक में शुक्रवार तडक़े एक मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित शिवमोगा के रहने वाले थे और देवी यल्लम्मा के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि बस के चालक को नींद आ गई थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

### सीरिया में इजरायली मिसाइल हमले में 2 की मौत

**सीरिया ।** मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इजरायल ने देर रात सीरिया के दक्षिणी क्षेत्र पर कब्जे वाले सीरियाई गोलन हाइट्स से कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। सीरियाई वायु रक्षा बल कुछ मिसाइलों को रोकने में कामयाब रहा, उन्हें मार गिराया गया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण क्षेत्र के सैय्यदा जैनब उपनगर में हुए हमले की रिपोर्ट दी। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि इजरायली मिसाइलों ने सीधे उस जगह को निशाना बनाया, जहां लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया से संबद्ध जिहाद अल-बीना फाउंडेशन के सर्विस सेंटर में वाहन खड़े थे। इसमें कहा गया है कि जैसे ही वहां से धुआं उठने लगा, एंबुलेंस जल्द ही मौके के लिए रवाना हो गई। इसमें कहा गया है कि सीरियाई वायु रक्षा प्रणाली ने इजरायली हमले को रोकने के लिए मिसाइलें भी दागीं। इजरायल ने बार-बार सीरियाई सैन्य स्थलों को निशाना बनाया है। विशेष रूप से वह जगह जहां ईरान समर्थक मिलिशिया या लेबनानी हिजबुल्लाह से जुड़े हथियार भंडारण स्थल हैं।

### हंगामें के बीच संसद में बेहोश हुईं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम, स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा अस्पताल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में शुक्रवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम शुक्रवार को अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं जिसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, नीट, यूजीसी-नेट और अन्य पेपर लीक घोटालों पर तत्काल चर्चा से सरकार के इंकार के कारण आज राज्यसभा में हुए शोर शराबे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं। कुछ दिन पहले ही उन्हें डेंगू हुआ था। रमेश ने कहा, फूलो देवी नेताम को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाना पड़ा। हमें उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के सभी सांसद उनकी खैरियत जानने के लिए अस्पताल गए।

### ईरान में 14वें राष्ट्रपति पद के लिए मतदान शुरू

**तेहरान ।** ईरान के 14वें राष्ट्रपति पद के लिए शुक्रवार को वोटिंग हो रही है। पिछले महीने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसके बाद चुनाव आवश्यक हो गया था। गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा, हम देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू कर रहे हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर पहला वोट डाला। इस दौरान उन्होंने ईरानी लोगों की एकता का आह्वान करते हुए एक स्पीच दी। अधिकारियों के अनुसार, 95 से अधिक राज्यों में लगभग 59 हजार मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। 6.1 करोड़ से अधिक लोग चुनाव में वोट डालने के पात्र हैं। ईरान के 14वें राष्ट्रपति का चुनाव 2025 के लिए निर्धारित था। लेकिन इब्राहिम रईसी की मौत के बाद चुनाव पहले ही कराना तय किया गया। शुरुआत में वर्तमान उपराष्ट्रपति अमीर-हुसैन गाजीजादेह हाशमी; तेहरान के मेयर अलीरेजा जकानी; संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालीबाफ; परमाणु वार्ता के पूर्व शीर्ष वार्ताकार सईद जलीली; पूर्व गृह और न्याय मंत्री मुस्तफा पोर-मोहम्मदी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मसूद पेजेशकियन उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल होने के लिए योग्य थे।

## पंजाब में अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़ । आरएनएस

पंजाब पुलिस ने झारखंड से संचालित होने वाले सबसे बड़े अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर 66 किलोग्राम अफीम जब्त की गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एक्स पर लिखा, फाजिल्का पुलिस ने झारखंड से संचालित सबसे बड़े अंतरराज्यीय अफीम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मुख्य अपराधी को गिरफ्तार किया और 66 किलोग्राम अफीम जब्त की। हमने वित्तीय लेन-देन का बारीकी से पता लगाया, जिसके बाद 2 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके 42 बैंक खातों में 1.86 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए। डीजीपी ने आगे लिखा, आरोपियों के और संपर्क के बारे में जांच जारी है।




उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंजाब पुलिस ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर राज्य में 10 ठिकानों पर 83 किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन, 10,000 किलोग्राम पॉपी हस्क, 100 किलोग्राम गांजा, 4.52 लाख पिल्स और कैप्सूल नष्ट किए।

पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद से पुलिस ने अब तक कम से कम 2,700 किलोग्राम हेरोइन, 3,450 किलोग्राम अफीम, 1.77 लाख किलोग्राम पॉपी हस्क, 1.40 करोड़ पिल्स और टैबलेट और दो लाख इंजेक्शन नष्ट किए हैं।

## 149 दिन बाद जेल से बाहर आए हेमंत सोरेन, बोले- षड्यंत्र रचकर मुझे पांच महीने जेल में रखा गया

रांची । आरएनएस

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार शाम करीब चार बजे होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन और माता रूपी सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, षड्यंत्र रचकर और झूठी कहानी गढक़र मुझे पांच महीने तक जेल में रखा गया। अंतत: न्यायालय के आदेश पर राज्य की जनता के बीच हूं। न्यायालय का जो आदेश आया है, वह देखने-समझने लायक है। हमने जिस लड़ाई का संकल्प



लिया है, उसे मुकाम तक पहुंचाएंगे।

सोरेन ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पूरा सम्मान है, लेकिन न्याय की प्रक्रिया का लंबा खिंचना चिंता की बात है। आज देश में सरकार के खिलाफ बोलने वाले राजनेताओं, समाजसेवियों, लेखकों, पत्रकारों की आवाज को सुनियोजित तरीके से दबाया जा रहा है।

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार दोपहर सोरेन की जमानत मंजूर की थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है, कोर्ट के समक्ष अब तक जो तथ्य लाए गए हैं, उसमें यह मानने का कोई आधार नहीं है कि सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं।

हाईकोर्ट का ऑर्डर जारी होने के बाद रांची सिविल कोर्ट में उनके भाई बसंत सोरेन और कुमार सौरव ने 50-50 हजार रुपए के दो निजी मुचलके भरे। इसके बाद उन्हें रिलीज करने का ऑर्डर जेल भेजा गया।

सोरेन जब जेल से बाहर निकले तो उन्हें रिसीव करने के लिए उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, प्रवक्ता तनुज खत्री सहित बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच हेमंत सोरेन ने हाथ जोडक़र और हाथ हिलाकर सभी का आभार जताया।

हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले में 31 जनवरी को करीब आठ घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने ईडी की हिरासत में रात साढ़े आठ बजे राजभवन पहुंचकर सीएम पद से इस्तीफा दिया था। 1 फरवरी को उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेजा गया था। अब 149 दिनों के बाद वह जेल से बाहर आए हैं।

## अंतरिक्ष में टुकड़े-टुकड़े हुआ रूसी सैटेलाइट, बचने के लिए स्पेसक्राफ्ट में अंतरिक्षयात्रियों को लेनी पड़ी शरण

वॉशिंगटन

रूस का एक ऑब्जरेशन सैटलाइट अंतरिक्ष में अचानक टूटकर सैकड़ों टुकड़ों में बिखर गया। इसके मलबे से बचने के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के अंतरिक्षयात्रियों को स्पेसक्राफ्ट में शरण लेनी पड़ गई। अमेरिका के स्पेस कमांड का कहना है कि सैटलाइट के मलबे से फिलहाल किसी दूसरे सैटलाइट को नुकसान पहुंचने की आशंका नहीं है। बता दें कि रूस के इस क्रश्वस्क्रस्-क्क1 सैटलाइट को 2022 में ही मृत घोषित कर दिया गया था।



फिलहाल इस सैटलाइट के टूटने की वजह का पता नहीं चल पाया है। वहीं इस घटना पर रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने भी कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिका की एक स्पेस ट्रैकिंग फर्म लियोलैब्स ने देखा था कि अंतरिक्ष में अचानक मृत सैटलाइट कम से कम 100 टुकड़ों में टूट गया। अब इसके बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं।

पृथ्वी की कक्षा में बढ़ते सैटलाइट और फिर उनकी वजह से बढऩे वाला मलबा चिंता का कारण बन रहा है। साल 2021 में रूस ने अपने एक सैटलाइट को एंटी सैटलाइट मिसाइल द्वारा अंतरिक्ष में ही नष्ट कर दिया था। इसके बाद पश्चिमी देशों ने रूस की कड़ी आलोचना की थी। मिसाइल से सैटलाइट को नष्ट करने के बाद इसके हजारों बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में फैल गए। वहीं क्रश्वस्क्रस्-क्क1 को लेकर अभी इस तरह की बात पता नहीं चली है। रूस द्वारा किसी तरह के एंटी मिसाइल लॉन्च की खबर सामने नहीं आई है।

दरअसल जब किसी सैटलाइट का आखिरी समय आता है तो या तो वह धीरे-धीरे पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने लगता है और फिर जलकर राख हो जाता है। वहीं कई सैटलाइट पृथ्वी की ग्रेवयार्ड ऑर्बिट में चले जाते हैं। यह पृथ्वी से 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई की कक्षा है जिसमें दूसरे सैटलाइट से टकराने का खतरा कम हो जाता है। इस कक्षा में ऐक्टिव सैटलाइट नहीं रहते हैं। क्रश्वस्क्रस्-क्क1 2021 में ही खराब होने लगा था और इसके बाद वह धीरे-धीरे नीचे की तरफ आ रहा था। पृथ्वी की कक्षा में सैटलाट्स की बढ़ती संख्या और मलबे को देखते हुए इस ट्रैफिक के मैनेजमेंट की जरूरत आन पड़ी है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो की हुई मौत

### ❑ सोहागौली गांव के अलग अलग पूरवे में हुआ हादसा

कुड़वार सुल्तानपुर । आरएनएस

बारिश के समय घर से निकलना अधेड़ महिला व किशोरी को महंगा पड़ गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनो झुलस गए।गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने दोनो को मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी।

शुक्रवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के सरैया सोहगौली निवासी कुशुम(46)पत्नी स्व राम प्रकाश पानी की बरसात शुरू होने पर दरवाजे पर आम के पेड़ के नीचे बंधे जानवरो को हटाने के लिए निकली।तभी अचानक कडक़ी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई । गंभीर हालत परिजन लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका की दो विवाहित संताने वर्षा व मधु है।मृतका के पति की मौत 12 वर्ष पहले हो चुकी है।

वही दूसरी घटना में नैशी (13)पुत्री संतोष कुमार तिवारी निवासी पूरे भवन सोहगौली बारिश शुरू होने के बाद घर से बाग की तरफ जा रही थी।घर से चंद कदम दूरी पर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई।गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक किशोरी के दो भाई सुंदरम व वेदांश है।मृतका के पिता रोजगार के सिलसिले में बंबई में रहते है।घटना से मृतका की मां राधा सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

दोनो मृतकों की सूचना चिकित्सक ने स्थानीय पुलिस को दी।चिकित्सक की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम विलास यादव,चंद्र कुमार शुक्ला ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही घटना की जानकारी होते ही तहसीलदार सदर हृदयराम तिवारी,राजस्व निरीक्षक गजाधर प्रसाद,लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव व राजेश श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी हासिल की। तहसीलदार ने बताया कि मृतकों के परिवार को दैवीय आपदा के तहत सहायता राशि दिलाई जाएगी।

## अदाणी डिफेंस के साथ मिलकर भारत में ही 70 एमएम रॉकेट बनाएगी थेल्स

नई दिल्ली । आरएनएस

स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की पहल के अनुरूप अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत में ही 60 एमएम रॉकेट बनाने के लिए थेल्स समूह के साथ एक करार किया है। थेल्स ने एक बयान में बताया कि यह भागीदारी न सिर्फ भारत के लिए उसकी प्रतिबद्धता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर हमारे पार्टनर नेटवर्क को मजबूत बनाने में भी मददगार होगी। थेल्स समूह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम इस भागीदारी पर अदाणी समूह को बधाई देते हैं। हम मिलकर भारत के रक्षा क्षेत्र के विकास और सफलता में योगदान देना चाहते हैं। हम भारत में अदाणी समूह के साथ भागीदारी की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। हम भारत में थेल्स के 70 एमएम रॉकेट के विनिर्माण में साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। थेल्स समूह ने कहा कि भारत के बढ़ते रक्षा उद्योग के लिए 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को जारी समर्थन में यह भागीदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस स्वदेशी रक्षा उत्पादों के डिजाइन, विकास एवं विनिर्माण की एक अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने इसी महीने संयुक्त अरब अमीरात के एज समूह के साथ एक महत्वपूर्ण करार किया है जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और रक्षा क्षेत्र की एक प्रमुख वैश्विक कंपनी है। इस करार के तहत विश्व स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाना है जिससे दोनों कंपनियों की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमता में वृद्धि होगी, वे अपने संबंधित उत्पादों के पोर्टफोलियो को एक साथ लाएंगे, और वैश्विक तथा स्थानीय ग्राहकों की जरूरतें पूरी करेंगे।

## अमरनाथ यात्रा: जय बाबा बर्फानी के जयघोष के साथ 4,603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

जम्मू । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर यहां से रवाना किया। इस साल यह पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा 52 दिन तक चलेगी। भजन-कीर्तन के बीच 4,603 तीर्थयात्रियों का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ। पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे। कुल 1,933 तीर्थयात्री उत्तरी कश्मीर बालटाल मार्ग से जा



रहे हैं जबकि 2,670 तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर होकर जा रहे हैं। तीर्थयात्रियों में 3,631 पुरुष, 711 महिलाएं, नौ बच्चे, 237 साधु और 15 साध्वियां हैं। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 5.45 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरा काफिला सुबह 6.20 बजे नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

तीर्थयात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग उसी दिन पूजा करने के बाद वापस लौट आते हैं।

इस वर्ष 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 19 अगस्त को सावन की पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन पर समाप्त होगी। यात्रा को सुचारू और निर्बाध बनाने के लिए तीर्थयात्रा मार्गों, दोनों आधार शिविरों और मंदिर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।